प्रेस नोट

थाना मौदहा **दिनांक 08.07.2024**

पुलिस अधीक्षक महोदया हमीरपुर द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम के दृष्टिगत कस्बा मौदहा में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

आज दिनांक 08/07/2024 को पुलिस अधीक्षक महोदया हमीरपुर द्वारा पुलिस बल के साथ आगामी त्यौहार मोहर्रम के दृष्टिगत कस्बा मौदहा में सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया गया साथ ही मोहर्रम त्यौहार की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु कस्बा मौदहा में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया साथ ही ताजिया स्थलों का भी निरीक्षण किया गया स्थानीय व्यापारियों व धर्मगुरुओं,जनता के लोगों से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली गई एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुद्रण किए जाने के संबंध में सुझाव भी मांगे गए एवं निस्तारण के संबंध में सम्बंधित को निर्देशित किया गया व त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने में पुलिस- प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। एवं जनमानस से असामाजिक तत्त्वों द्वारा अफवाह फैलाने व किसी भी तरह का उपद्रव करने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने को कहा गया व आपसी सौहार्द बनाते हुए मिलजुलकर त्यौहार मनाने की अपील की गई।

इस मौके पर,एसडीएम मौदहा, क्षेत्राधिकारी मौदहा,प्रभारी निरीक्षक थाना मौदहा व अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।